वर्ष 1 - अंक 66
बुधवार 5 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स




# बूथों के बाहर लगीं कतार

## राहुल गांधी, बांसुरी स्वराज समेत कई दिग्गजों ने डाला वोट

### मनीष सिसोदिया ने किया मतदान

आप नेता और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लेडी इरविन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया भी यहीं मतदान किया। इस मौके पर मनीष सिसोदिया ने कहा, "आज मैं अपने परिवार के साथ दिल्ली के लोगों के बेहतर जीवन के लिए वोट देने आया हूं। मैं दिल्ली के लोगों से अपील करूंगा कि वे अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए, अपने परिवारों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए, दिल्ली में बिजली और पानी के लिए वोट करें। ऐसी सरकार चुनें जो सबके लिए काम करे, ऐसी सरकार नहीं जो इधर-उधर की बातें और गुंडागर्दी करे।"

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर मतदान जारी है। द्वारका के आईटीएल स्कूल में वोटिंग चल रही है बूथ अभी लगभग खाली हैं। यहां के 8 बूथों में सिर्फ एक पर हल्की फुल्की लाइन है।

### अरविंदर सिंह लवली ने मतदान किया

गांधीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरविंदर सिंह लवली ने मतदान किया। अरविंदर सिंह लवली ने कहा, "दिल्ली मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रही है, यमुना गंदी हो गई है, दिल्ली प्रदूषण से भरी हुई है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बनेगी जो दिल्ली को विकास की ओर ले जाएगी।"

### चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने डाला वोट

चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, "पूरी तैयारी है। सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। हर व्यक्ति बहुत खुश है। मैं यही अपील करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान देने अवश्य आएं।"

### शाह ने की मतदान करने की अपील

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए जा रहे बहनों-भाइयों से अपील करता हूं कि वे झूठे वादों, प्रदूषित यमुना, शराब के ठेकों, टूटी सड़कों और गंदे पानी के खिलाफ वोट करें। आज एक ऐसी सरकार बनाने के लिए बढ़-चढ़कर मतदान करें, जिसके पास जनकल्याण का मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड हो और दिल्ली के विकास का स्पष्ट विजन भी हो। आपका एक वोट दिल्ली को दुनिया की सबसे विकसित राजधानी बना सकता है।'

### बूथों के बाहर लगी मतदाताओं की लंबी लाइन

**त्रिलोकपुरी के राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय में मतदाताओं की लंबी लाइन लगी है। लोगों के पहचान पत्र देखने के बाद ही मतदान केंद्र में प्रवेश की अनुमति जा रही है।**

# कुल गोत्र में विवाह बंधन हमारे स्वस्थ समाज की व्यवस्थारू: पंकज त्रिपाठी









**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**रीवा।** सनातन वैदिक हिन्दू आर्य परम धर्म संसद 1008 का आयोजन जगद गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में महाकुंभ प्रयागराज में हुआ। जहां रीवा के पंकज त्रिपाठी को वक्ता के रूप में बोलने का मौका मिला जहां श्री त्रिपाठी ने सनातन वैदिक हिन्दू आर्य परम धर्म संसद में डीएनए प्रोफाइल और इसके असर सामाजिक मूल्य महत्व समाज में डीएनए की आवश्यकता और विवाह परंपरा पर प्रकाश डाला श्री त्रिपाठी ने जोर दे कर कहा कि शादी बंधन कुल गोत्र और समाज को देख कर ही करना चाहिए जिससे आने वाली हमारी पीढ़ी स्वास्थ हो परिवार संस्था विमर्श में डीएनए परीक्षण और उसकी आवश्यक इसका वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व समझने की आवश्यकता पर जोर दिया वही आज के इस भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां हम अपने पूर्वजों से अपनी वैदिक परंपरा गोत्र कुलदेवी इत्यादि से दूर होते जा रहे हैं उसे जानने सहेजने पर विमर्श किया गया जगद गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के मार्गदर्शन में कुलवृक्ष संस्था को वैदिक परंपरा कुल गोत्र परिवार एवं उनके ईस्ट देवी देवताओं ऋषि मुनियों सहित पूरी पारिवारिक जानकारी संकलन का कार्य कर रही है जिसमें हम सभी मिल कर आगे बढ़ाए।

# आम बजट में आम जनता खाली हाथ

## बोले- इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

केंद्र सरकार के आम बजट 2025 पर इंदौर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सदाशिव यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है, उन्होंने कहा कि इस बजट में आम आदमी के हाथ खाली हैं।

जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकास के चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात की बात की थी, लेकिन बजट पूरी तरह से पटरी से उतर गया है। इससे किसी बड़े बदलाव या राहत की उम्मीद नहीं की जा सकती. सदाशिव यादव का कहना है कि सरकार



केवल आंकड़ों के जरिए बड़े-बड़े दावे पेश कर रही है, लेकिन इसका जनता पर कोई वास्तविक असर नहीं पड़ेगा।

किसानों के लिए नहीं कोई सौगात, सबसे बड़ी उम्मीद थी की किसानों की जो सबसे बड़ी मांग एमएसपी को लागु करना था बोले सदाशिव यादव छोटे उद्योगों को पहले ही खत्म किया जा चुका है शुरू करने पर पॉलिसी होना थी जिलाध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कि बजट में किसानों, गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए कोई लाभ नहीं है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने इस बजट को किसान और मजदूर विरोधी बताया है।

# युवा उद्यमी ने सादगी से मनाया जन्मदिन, वंचितों और बुजुर्गों के बीच बाँटी खुशियाँ

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर। मूल रूप से इंदौर के रहने वाले युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी राहुल गुप्ता यूँ तो किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं बावजूद इसके वे अपनी सहृदयता और सामाजिक कार्यों की वज़ह से चर्चा में बने रहते हैं।**

दरअसल 1 फरवरी, शनिवार को राहुल का जन्मदिन था, इतनी बड़ी शख्सियत का जन्मदिन हो और जश्न ना हो ऐसा कैसे हो सकता है, लेकिन ऐसा हुआ और राहुल अपने स्टॉफ और परिवार के चुनिंदा लोगों के साथ सुबह गरीब बच्चों के साथ तो दोपहर को वृद्धाआश्रम में नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी खुशियाँ वंचित तबके के साथ बाँटी और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। और शाम को परिवार और मित्रों के साथ सुंदरकांड का पाठ किया। उम्मीद है जन्मदिन के नाम पर कान फोड़ संगीत, शराब, कबाब की पार्टियों और केक की लीपापोती वाले जन्मदिन मनाने वाले आज के युवा राहुल जी से कुछ सबक लेंगे।





# पंडित खेड़ा वार्ड नंबर 10 में 6 महीने से हैंडपंप रिबोर नहीं, लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे

**रणजीत टाइम्स**

**सरोजिनी नगरः** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा हर घर जल योजना के तहत सभी को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के दावों के बावजूद, लखनऊ के ग्राम पंडित खेड़ा वार्ड नंबर 10 प्रथम, सरोजिनी नगर में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। यहां छह महीने पहले सरकारी हैंडपंप को रिबोर किया जाना था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में लगभग 12-13 घरों के लोग इसी हैंडपंप से पानी प्राप्त करते थे। अधिकतर लोग मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं और उनकी निर्भरता इसी जल स्रोत पर थी। नगर निगम ने मात्र दो बार पानी के टैंकर भेजे, जो पर्याप्त नहीं है। जल



संकट के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं

वार्ड के निवासियों ने कई बार सभासद और नगर निगम अधिकारियों से शिकायत की। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर भी समस्या दर्ज कराई गई और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखित में कई बार आवेदन भेजा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

### न्याय की गुहार

क्षेत्रीय निवासियों ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि जल्द से जल्द हैंडपंप का रिबोर कराया जाए और जल संकट को खत्म किया जाए। जहां सरकार हर घर जल उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं इस क्षेत्र के लोग छह महीने से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# वंचित वर्ग के मसीहा बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने वाले माननीय रामदास आठवले जी का भोपाल आगमन

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल। 8 फरवरी को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री माननीय रामदास आठवले जी मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (RPI) के प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रदेश में पार्टी की अलख जगाने की जिम्मेदारी युवा और जुझारू नेता धीरेन्द्र सिंह बघेल के कंधों पर होगी, जो बाबा साहब के विचारों को प्रदेश के हर कोने तक पहुंचाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### सम्मेलन में शामिल होकर बने बदलाव का हिस्सा

बाबा साहब के अनुयायी इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाग लेकर वंचित वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय की दिशा में हो रहे प्रयासों का हिस्सा बनेंगे।




### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का संकल्प

सम्मेलन में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, और वंचित वर्ग के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विशेष चर्चा होगी। माननीय मंत्री जी का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा और प्रदेश में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा।

# इंदौर में पांच वक्त के नमाजी अमन शेख ने हिन्दू छात्रा का गला काटा..

**रणजीत टाइम्स**

हिन्दुओं बचा सको तो बचाओ अपनी बेटियों को अमन शेख ने गला सिर्फ इसलिए काटा क्यूंकि हिन्दू लड़की ने उससे बात करने से इनकार कर दिया था.. लगभग मृत अवस्था में लड़की को अस्पताल ले जाया गया... सूचना है कि अमन हिन्दू बेटी से जबरदस्ती संबंध बनाना चाहता था उसका कहना था कि अगर शादी न करे तो कोई बात नहीं कम से कम हमबिस्तरी करले इसपर लड़की ने कड़ा विरोध जताया जिसके बाद अमन ने ये कहते हुए कि तू अगर मुसलमान की न हुईं तो किसी की न होंगी उसपर चाकूओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.. पकड़े जाने पर अमन ने कहा कि उसने कोई गलती नहीं की है, काफ़िर की बेटी पर हर मुसलमान का हक़ है कि वो उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए... न्दुिओं ये राक्षस हमारे आपके सबके आसपास रह रहे हैं ये याद रखना और बेटियां हम सबके घरों में हैं जिनपर ये अपना हक समझते हैं।



Your Exclusive Summer Haven in Our
Farm Houses!
OFFERED AT 499/- Sqft
BOOK NOW 8889066688 8889066681

## नगर परिषद ने निर्माल्य रथ वाहन की शुरुआत



**राणापुर अनुज अरोड़ा ।** नगर परिषद राणापुर कि अध्यक्ष सुश्री दीपमाला दिलीपसिंह नलवाया के द्वारा सीएमओं संजय पाटीदार और जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों कि उपस्तिथि मे जिस निर्माल्य वाहन का लोकार्पण गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम मे किया था उस निर्माल्य रथ को राणापुर कि धर्मप्रेमी जनता के लिए आज विधिवत प्रारम्भ किया गया, नगर परिषद से वाहन रवाना होकर नगर के विभिन्न वार्डों में पूजन सामग्री फूल मालाओं को एकत्रित करेगा, निर्माल्य सामग्री को इकट्ठा करने के उक्त पूजन सामग्री को हरि उद्यान में इकठ्ठा कर वहां पर इसका खाद बनाया जाएगा, जो हरि उद्यान के पौधों में काम आएगा, निर्माल्य पूजन सामग्री से खाद बनाने का कार्य किया जायेगा जो पौधों मे काम आएगा, निर्माल्य पूजन सामग्री को इकट्ठा करने के सूत्रधार कालू भाई माली ने नगर परिषद के द्वारा उक्त वाहन को चालू करने के लिए परिषद के सभी जनप्रतिनिधिओं और सीएमओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दिव्यांगजनों की पेंशन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले सचिवों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी-आशीष

**खातेगांव ।**

जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में दिव्यांगजन परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विधायक आशीष शर्मा ने दिव्यांगजनों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। शिविर में दिव्यांगजनो के परीक्षण की व्यवस्था की गई थी, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनकी शारीरिक स्थिति का परीक्षण किया गया। विधायक आशीष शर्मा ने शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों से संवाद करते हुए उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि दिव्यांगजनों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले। इस दौरान, उन्होंने दिव्यांगजनों की पेंशन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले सचिवों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन समाज के हर वर्ग को उचित समर्थन और सहारा मिले। पेंशन जैसे महत्वपूर्ण लाभ में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी भी मौजूद थे।

## नगर लोहारदा की सड़कों से भगवान ही बचाए कीचड़ गड्ढों से परेशान नगर वासी

**कांटाफोड़**



कांटाफोड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर लोहारदा में लगभग 8ङ्ग10 दिनों से नल जल योजना के अंतर्गत काम चल रहा है उसके चलते सड़कों की हालत बहुत ही खराब हो रही कोटखेड़ा में नाली का पानी सड़कों पर निकल रहा है उसी के कारण कीचड़ मच रहा है सड़क पर पानी के बीच से प्राइमरी पड़ने वाले छोटे छोटे बच्चों को रोजाना संघर्ष करते स्कूल जाना पड़ता है यहां मामला प्राइमरी के बच्चों का नहीं पूरे नगर वासियों का है इसी मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर वासियों ने नगर परिषद लोहारदा को अवगत भी कराया था इसके बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है नगर वासियों का कहना है कि कोटखेड़ा में जो सड़कों में गड्ढे और मच रहे कीचड़ से निकालकर जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।साथी नल जल योजना के कार्य करवाने वाले योगेश केवट ठेकेदार है जिनके द्वारा मनमाना कार्य क्या जा रहा है इससे नगर वासियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पूरी सड़कों छ्ष्टस् मशीन के द्वारा खोद दिया गया है और नगर परिषद के जो कर्मचारी हैं उपाध्यक्ष सीएमओ कोई भी देखने को नहीं आता नगर वासियों की समस्या का नहीं हो रहा समाधान जिसको लेकर नगर वासी काफी नाराज है। वार्ड14 के पार्षद प्रतिनिधि भगवान उईके मौके पर घटना स्थल पर पहुंचे और ठेकेदार से बातचीत करने के पश्चात आल्हा अधिकारी को सूचना करने का आश्वासन दिया।

वहां उपस्थित भगवान उईके कृष्ण मर्सकोले महेंद्र कमरे गोलू कर्मा कैलाश काजलिया आनंद संजय मानसिंह छगन लाल उईके दीपक ककोड़िया नितेश उपस्थित थे।



**बा का नेर नि प्र।** नगर के बस स्टेशन पर यूके रेडीमेड मैन्स वियर एवं किड्स किड्स वियर शोरूम का शुभारंभ हुआ जहां पर कपड़ों की नई श्रृंखला ग्राहकों को मिलेगी। शोरूम डायरेक्टर उस्मान खत्री ने बताया नगर को यह सौगात देने जा रहे हैं जहां पर ग्राहकों को सस्ती और वाजिद दम पर कपड़ों की श्रृंखला मिलेगी। इस मौके पर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय सदस्य सैयद रिजवान अली, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शिक्षा समिति अध्यक्ष डॉ ओम जोशी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक बड़जात्या,जाकिर कुरेशी,मौलाना सादिक हुसैन कुरैशी,अयाज खान धर्मेंद्र पागनीस,इरफान हुसैन दढवाल याकूब खत्री, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्षमाशीलता : मुक्ति का द्वार



आज से लगभग 2000 वर्ष पूर्व श्री यीशु ख्रीष्ट धरती पर परमात्मा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अवतरित हुए थे। मनुष्य को क्षमाशीलता का महत्व बताने के लिए उन्होंने अपने जीवन काल में कितने कष्ट सहें। श्री जीसस धरती पर केवल 33 वर्ष तक ही रहे, उन्होंने अपने जीवन काल में जो प्रेम की अविरल धारा बहाई उसके कारण वह आज भी पूरे विश्व में पूजे जाते हैं। वह हमारे छठे चक्र यानी कि आज्ञा चक्र में स्थित हैं, इस चक्र में श्री येशु की जागृति होने से मनुष्य के विचार एकदम शांत हो जाते हैं और वह क्षमाशील हो जाता है। सहजयोग संस्थापिका श्री माता जी निर्मला देवी साधको को संबोधित करते हुए बताते है कि क्षमा तो एक बुनियादी मानवीय आवशयकता है जिसकी सहायता से मनुष्य एक प्रेममय संसार की स्थापना कर सकता है। क्षमा करने से मन में आंतरिक शांति महसूस होती है जिसके कारण मानव में संतुलन आता है। क्षमा न करके हम केवल स्वयं को सताते है, क्योंकि जब हम क्षमा नही करते तो केवल बदले की भावना या नफ़रत भरे विचार हमारे मस्तिष्क को खा रहे होते है, जिससे हमारा व्यक्तित्व कड़वा होता जाता है एवं परमात्मा की प्रेम शक्ति हमारे अंदर से बहना बंद हो जाती है। परमात्मा क्या है? परमात्मा प्रेम ही तो है परमात्मा क्षमा का सागर ही तो है। हर धर्म और हर ग्रंथ में यही बताया गया है। भले ही उनकी भाषा अलग हो परंतु सार एक ही था कि भेद भाव न करके प्रेम करो और ये प्रेम निर्वाज्य प्रेम होना चाहिए। वह केवल तभी संभव होगा जब हम सामने वाले की त्रुटियों को छोड़कर उनकी अच्छाइयों को देखेंगे और वह केवल क्षमा करने से ही दिखेंगी।

जब मनुष्य आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करता है तो स्वयं अपनी आत्मा के प्रकाश में अपना भला और बुरा देखता है और स्वतः वह क्षमशीलता के गुण से आशीर्वादित हो जाता है। श्री माता जी निर्मला देवी द्वारा स्थापित सहजयोग का पहला चरण ही आत्म साक्षात्कार है। श्री क्राइस्ट ने भी कहा है "स्वयं को जानो" वह स्वयं क्या है? वह स्वयं आत्मा है बाकी यह मन, बुद्धि, अहंकार सब मिथ्या है। आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने के बाद मनुष्य स्वयं को देख पाता है, वह अपना गुरु बन खुद को ही सवारता है, खुद की गलतियों को सुधारता है। यह बात सिर्फ कथन की नही, अनुभव की है। पूरे विश्व में श्री माता जी निर्मला देवी ने सहजयोग का प्रचार किया जिसके फलस्वरूप आज विश्व में लगभग हर देश में सहजयोग फैला हुआ है। जिन जिन लोगो ने आत्म साक्षात्कार पाया उन्होने इन सभी गुणो की जागृति अपने अंदर महसूस करी है एवं वह बहोत सुंदर व्यक्तित्व संग उभरे है। यदि आप भी अनुभव करना चाहते है तो कृपया www.learningsahajayoga.com जाए या फिर 1800 2700 800 टोल फ्री नंबर पर कॉल करे। सहजयोग पूर्णतः निशुल्क है।




# माँ नर्मदा की पावन महिमा

रणजीत टाइम्स

भारत की पवित्र नदियों में नर्मदा नदी का एक विशेष स्थान है। नर्मदा नदी केवल एक जलधारा नहीं है, बल्कि इसे भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक माना जाता है। माँ नर्मदा के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाने वाली नर्मदा जयंती हर वर्ष माघ मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है।

माँ नर्मदा का महत्व- नर्मदा नदी को पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव के आशीर्वाद से उत्पन्न माना जाता है। स्कंद पुराण में उल्लेख है कि नर्मदा की उत्पत्ति अमरकंटक से हुई, जिसे 'माँ नर्मदा' का निवास स्थान माना जाता है। यह नदी अपनी 1312 किमी लंबी यात्रा में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों से गुजरते हुए अरब सागर में मिलती है।

माँ नर्मदा को "जीवंत नदी" और "मोक्षदायिनी" कहा गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा



में स्नान करने से जो पुण्य प्राप्त होता है, वही पुण्य नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है। यही कारण है कि नर्मदा परिक्रमा का विशेष महत्व है।

नर्मदा जयंती का उत्सव- नर्मदा जयंती पर विशेष रूप से मध्यप्रदेश के अमरकंटक, होशंगाबाद, ओंकारेश्वर और महेश्वर जैसे स्थलों पर भव्य आयोजन किए जाते हैं। भक्तजन माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना कर, आरती करते हैं और दीपदान करते हैं। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया जाता है और नर्मदा तट पर मेलों का आयोजन होता है। यह दिन भक्तों के लिए न केवल धार्मिक अनुष्ठानों का, बल्कि प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है।

नर्मदा और पर्यावरण संरक्षण- माँ नर्मदा हमारे जीवन की आधारशिला हैं। उनकी निर्मलता और प्रवाह हमारी धरती की समृद्धि और संतुलन का प्रतीक है। लेकिन आज प्रदूषण और अंधाधुंध दोहन से नदियों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। नर्मदा जयंती के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि न केवल नर्मदा बल्कि सभी नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाएंगे।

संदेश- नर्मदा जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति और संस्कृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा देती है। माँ नर्मदा के प्रति आस्था केवल पूजा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

आइए, इस पावन पर्व पर माँ नर्मदा से प्रार्थना करें कि वे हमें सद्बुद्धि और शक्ति दें, ताकि हम उनकी निर्मलता और पवित्रता को बनाए रख सकें।

**संपादकीय टीम**
**आपका गोपाल गावंडे**